राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 07 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा शनिवार को राजभवन में टी०बी० उन्मूलन की दिशा में 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। साथ ही सभी जनपदों में उक्त अभियान का शुभारंभ जनपदस्तर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

भारत सरकार द्वारा उक्त 100 दिवसीय टी०बी० उन्मूलन अभियान में उत्तराखण्ड राज्य के आठ जनपदों (बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, पिथोरागढ़ एवं रुद्रप्रयाग) को चयनित किया गया है।

इस 100 दिवसीय अभियान के दौरान चयनित जनपदों में Vulnerable Population की मैपिंग करते हुए सक्रिय टी०बी० केसों की खोज, निदान, समयान्तर्गत उपचार आरंभ करना एवं रोगियों को नि–क्षय मित्र के माध्यम से पोषण संबंधी सहायता करना शामिल है। अभियान का लक्ष्य High risk population में रोगियों को खोजने के प्रयासों को तीव्र करना, अधिक से अधिक जागरूकता प्रदान करना और टी०बी० उन्मूलन कार्यक्रम में उपलब्ध सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाना है।

इस 100 दिवसीय अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ सभी स्टेकहोल्डर्स (जैसे शिक्षा विभाग, कारागार, सूचना विभाग एवं अन्य विभागों सहित आम जनमानस की जनभागीदारी आवश्यक है।

............0............